THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (VIDESH VYAPAR MANTRALAYA MEN UP-MANTRI) (SHRI A. C. GEORGE): (a) to (c). The total volume of trade between India and the Socialist countries has grown from Rs. 8.6 crores in 1953 to Rs. 475 crores in 1965, Rs. 497 crores in 1968 and Rs. 614 crores in 1969 as a result of trade Agreements entered into between India and the Socialist countries and the Trade Plans annually drawn up jointly by the officials of the Government of India and the Governments of the Socialist countries.

पटना में रेल डाक सेवा के नये भवन का सुविधाजनक न होना

346. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पटना में रेल डाक सेवा के नये भवन के निर्माण के बावजूद वहां पर स्थान की कमी की शिकायतें सरकार को भेजी गई हैं ; और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या उक्त भवन में डाक विभाग के कर्मचारियों के लिये आराम गृह (रेस्ट हाउस) आदि की कोई व्यवस्था नहीं है ;

(ग) क्या वहां पर फर्नीचर की भी कमी है और रेल डाक सेवा यूनियन द्वारा इस संबंध में भी शिकायत की है और यदि हां, तो शिकायतों को दूर करने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई अथवा की जानी है ;

(घ) क्या रेल डाक सेवा भवन के सामने शेड की कोई व्यवस्था नहीं की गई है ; और

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार का वहां पर शेड बनवाने का विचार है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मन्त्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) जी हां, अखिल भारतीय रेल-डाक सेवा कर्मचारी यूनियन श्रेणी-III से ऐसी एक शिकायत प्राप्त हुई थी और उसकी जांच की जा चुकी है। फिर भी, ऐसा लगता है कि नई इमारत में फिलहाल स्थान की कोई कमी नहीं है।

(ख) जी नहीं।

(ग) जी नहीं।

(घ) जी नहीं।

(ङ) शेड की व्यवस्था करने का प्रश्न रेलवे से उठाया गया है।

जमनाखाल डाकघर (गढ़वाल) में लिफाफों/ पोस्टकार्डों आदि की कमी

347. **श्री प्रताप सिंह नेगी** : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के पौड़ी गढ़वाल जिले के जमनाखाल डाकघर में लिफाफों, अन्तर्देशीय पत्रों, पोस्टकार्डों आदि की प्रायः कमी रहती है ;

(ख) क्या उक्त डाकघर के लेखे की जांच करने के पश्चात् वहां के आय तथा व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने का सरकार का विचार है ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

संचार मन्त्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) सरकार या डाक-तार बोर्ड को ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि गत 6 महीनों में एक या दो अवसरों को छोड़कर जमनाखाल डाकघर में लिफाफों, अन्तर्देशीय पत्रों पोस्टकार्डों आदि की कोई सामान्य कमी रही हो।

(ख) तथा (ग). ब्यौरे का पता लगाया जा रहा है और लखनऊ के पोस्टमास्टर जनरल से प्राप्त होते ही इसे लोक सभा पटल पर रख दिया जाएगा।

पौड़ी गढ़वाल (उत्तर प्रदेश) के देलचोंरी डाकघर में टेलीफोन की व्यवस्था

348. **श्री प्रताप सिंह नेगी** : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में पौड़ी गढ़वाल के देलचोंरी डाकघर में टेलीफोन की व्यवस्था कर दी गई है ;